प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 22.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य में होने वाले नगर निकाय चुनाव की सभी तैयारियां पूरी, मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को निर्धारित बूथों तक आज किया जायेगा रवाना।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– सरकार कोयला के अवैध खनन में संलिप्त लोगों पर करेगी कड़ी कार्रवाई।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम के 131वें संस्करण में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
- झारखंड के मौसम में उतार–चढ़ाव जारी, मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 48 घंटों में 13 जिलों में गरज के साथ हल्की बारिश का जताया अनुमान।
- जमशेदपुर में खेले जा रहे इंडियन सुपर लीग मुकाबले में कल जमशेदपुर एफसी ने पंजाब एफसी को एक–शून्य से किया पराजित।

******************

झारखंड में नगर निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशी आज डोर–टू–डोर अपने पक्ष में वोट की अपील करेंगे। वहीं कल सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मेयर, अध्यक्ष और वार्ड पार्षद पद के लिए वोट डाले जायेंगे। मतदान के लिए सभी पोलिंग पार्टियों को निर्धारित बूथों तक आज रवाना किया जायेगा। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी जिलों में तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

******************

राज्य के 48 नगर निकायों में कल होने वाले मतदान के लिए सभी जिलों ने व्यापक तैयारी की है। रांची, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह समेत सभी जिलों में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष ढंग से चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय है। इधर, धनबाद के ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने पुलिस पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए।

******************

विधानसभा में बजट सत्र के चौथे दिन कल सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार कोयला के अवैध खनन में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई करेगी। गौरतलब है कि सदन में विधायक सरयू राय ने दामोदर नदी के मुहाने पर जल प्रवाह को मोड़ कर अवैध माइनिंग का सवाल दोबारा उठाया था। इस मामले में सरयू राय ने मामले की जांच की मांग की।
वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मानव–हाथी संघर्ष को लेकर हुई चर्चा में कहा कि राज्य सरकार सभी वन्य जीवों को लेकर एसओपी तैयार कर रही है।

******************

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में तृतीय अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद सरकार की ओर से पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि सरकार वित्तीय प्रबंधन को लेकर पूरी तरह सजग और जिम्मेदार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि छह हजार 450 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट राज्य की जरूरतों और जनकल्याणकारी योजनाओं को गति देने के उद्देश्य से लाया गया है।

******************

झारखंड हाईकोर्ट ने सीआइपी, कांके में रिक्तियों को भरने में ढुलमुल रवैया अपनाये जाने पर संस्थान के निदेशक पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि निदेशक कोर्ट के आदेश को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। अदालत ने कहा कि यदि रिक्त पद शीघ्र नहीं भरे गए, तो संस्थान का सुचारु संचालन प्रभावित होगा।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम के 131वें संस्करण में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूजऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसके अलावा एआईआर न्यूज, डीडी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका प्रसारण होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

*******************

इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में नई दिल्ली घोषणापत्र स्वीकार कर लिया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक सहयोग में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इसका समर्थन किया है। यह घोषणा पत्र आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण के लिए एआई का लाभ उठाने पर व्यापक वैश्विक सहमति दर्शाता है।

*******************

सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना क्षेत्र के शाहपुर, जितियाटोली और बंदरचुआं गांव में अफीम की खेती के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दस आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीन एकड भूमि में लगी अफीम की फसल को भी नष्ट कर दिया। नष्ट की गयी फसल की अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रूपये आंकी गयी है।

*******************

जमशेदपुर के बहुचर्चित उद्यमी अपहरण मामले में पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता अमरिंदर सिंह उर्फ करतार सिंह को उसके अन्य चार साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि 13 जनवरी को बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के युवा उद्यमी का अपहरण कर लिया गया था। मामले में पहले भी कुछ अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

*******************

मौसम विभाग केंद्र ने अगले 48 घंटों में झारखंड के अधिकांश जिलों में बादल छाए रहने और 13 जिलों में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश का अनुमान जताया है। पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, लोहरदगा, कोडरमा और धनबाद में बारिश की संभावना है।

*******************

जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कल खेले गए इंडियन सुपर लीग मुकाबले में जमशेदपुर एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब एफसी को एक–शून्य से हरा दिया। पंजाब एफसी ने अंत तक बराबरी की कोशिश की, लेकिन जमशेदपुर का डिफेंस मजबूत रहा। जमशेदपुर एफसी का अगला मुकाबला 27 फरवरी को ईस्ट बंगाल से होगा।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जेपीएससी परीक्षा में उम्र सीमा का कट–ऑफ एक अगस्त 2022 करने की सीएम की घोषणा को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा...

दैनिक भास्कर ने सारंडा में आईईडी ब्लास्ट में 2 जवानों के घायल होने और एक के गंभीर होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

हिन्दुस्तान लिखता है– चुनाव प्रचार खत्म, आज रवाना होंगे मतदानकर्मी।

प्रभात खबर के शब्द हैं– अमेरिकी टैरिफ अब 10 नहीं 15 फीसदी होगा।

दैनिक जागरण ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के हवाल से लिखा है– राष्ट्रीय विकास दर से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है झारखंड।

********************